समाचार

छान्ही के पानी घर म

निगम के कोसाबाड़ी व दर्री जोन में आयोजित हुई आर.डब्ल्यू.एच. पर कार्यशाला

(जलसंरक्षण एवं रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के प्रति लोगों को किया गया जागरूक, घरों में सिस्टम बनाने की दी गई प्रेरणा)

कोरबा 17 जून 2019–'' छान्ही के पानी घर म '' अभियान के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा के कोसाबाड़ी व दर्री जोन के अंतर्गत कार्यशालाओं का आयोजन निगम द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान जल संरक्षण एवं रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की आवश्यकता पर जोर देते हुए इनके प्रति लोगों को जागरूक किया गया तथा घरों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने की प्रेरणा दी गई।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल तथा कोरबा जिला प्रभारी मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के दिशा निर्देशों के अनुसार कोरबा जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के मार्गदर्शन में जलसंरक्षण, रैनवाटर हार्वेस्टिंग अभियान का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती कौशल ने इस अभियान का नाम '' छान्ही के पानी घर म '' का नाम दिया गया है, नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी जोन में जल संरक्षण के तहत रैनवाटर हार्वेस्टिंग का अभियान चलाया जा रहा है एवं लोगों को जागरूक करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के संबंध में निगम के कोसाबाड़ी व रविशंकर शुक्लनगर जोन की कार्यशाला निहारिका स्थित वीर सावरकर भवन में आयोजित की गई, इस दौरान कार्यशाला में उपस्थित नागरिकों को जलसंरक्षण की आवश्यकता व रैनवाटर हार्वेस्टिंग की उपयोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए घरों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा एवं इंजी.राज अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर विस्तार से प्रकाश डाला, इसके फायदों से उपस्थित नागरिकों को अवगत कराया तथा जल संरक्षण की आज की महती आवश्यकता की जानकारी देते हुए प्रत्येक घर में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने की प्रेरणा उपस्थित लोगों को दी। इस अवसर पर एम.आई.सी.सदस्य गोपाल कुर्रे, पार्षद मनहरण लाल राठौर, इंजी.राज अग्रवाल, कल्पतरू सेवा मिशन के

संचालक एस.के. श्रीवास्तव, निगम के अभियंता एन.के. नाथ, तपन तिवारी अनिरूद्ध शुक्ला, गोयल सिंह विमल, उमेश राठौर, असलम खान, राहुल पाहुजा, इमरान खान, गोपाल अग्रवाल, मनीष पाण्डेय ,मनोज शर्मा, परविंदर सिंह, जितेन्द्र सिंह, चक्रेश जैन आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

<u>कार्यशाला से मिली प्रेरणा, लगाएंगे घर में सिस्टम</u>– वीर सावरकर भवन में आयोजित कार्यशाला के दौरान कल्पतरू सेवा मिशन के संचालक श्री एस.के. श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे खेद है कि मैं आज तक अज्ञानतावश अपने घर में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं बनवा पाया था, इस कार्यशाला के दौरान मुझे इस बात की प्रेरणा मिली है तथा मैं संकल्प लेता हॅू कि मैं जल्द से जल्द अपने घर में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाऊंगा, निगम ने हमें इस हेतु प्रेरणा दी है, जिसके लिए मैं निगम का धन्यवाद करता हॅू। उन्होने आगे कहा कि हम सभी को पानी का मूल्य समझना चाहिए, पानी के बिना सब कुछ शून्य है, पानी अमृत है, पानी जीव मात्र एवं वनस्पति को जीवन देता है, हम सभी को पानी का अपव्यय रोकने एवं जल संरक्षण की दिशा में काम करने की महती आवश्यकता है। बरसात के पानी को हम ज्यादा से ज्यादा भूमि के अंदर डाले, इस हेतु घरों में सिस्टम बनाएं, ताकि भावी पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रहे।

<u>दर्री जोन कार्यालय में आयोजित हुई कार्यशाला</u>– नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन कार्यालय में भी आज '' छान्ही के पानी घर म '' अभियान के तहत जलसंरक्षण व रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। निगम के कार्यपालन अभियंता श्री एम.एन.सरकार ने कार्यशाला में उपस्थित नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को राज्य शासन के जलसंरक्षण अभियान व जिला प्रशासन के '' छान्ही के पानी घर म '' अभियान की जानकारी देते हुए जलसंरक्षण व रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर विस्तार से जानकारी दी। रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के विभिन्न प्रकारों से अवगत कराया तथा घरों में इस सिस्टम को बनाने का अनुरोध कार्यशाला में उपस्थित नागरिकों से किया। इस अवसर पर निगम के सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, एम.आई.सी.सदस्य इस्माईल कुरैशी, सुनील पटेल, विनीत एक्का, पार्षद अंतराम प्रजापति, अघन बाई, वीरसायं धुनवार, संजय कूर्मवंशी, पीलीबाई सिदार, श्यामा महंत, उर्मिला ठाकुर, मस्तूल सिंह कंवर, मनोज अग्रवाल, प्रोफेसर के.सी.सुनहरे, नारायण ठाकुर, हेमंत देवांगन, श्यामलाल चौहान, सहसराम पटेल, अजय चौहान, बी.एल.चौहान आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।